>

Title : Need to start production of oil from Ratna R Series oil fields.

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): आपके माध्यम से रत्ना-आर-सीरीज के तेल क्षेत्र के बारे में सरकार की नीति के कारण देश को हो रहे नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। 1999 में रत्ना-आर-सीरीज की तेल क्षेत्र जो ओ0एन0जी0सी0, ब्रिटिश पेट्रोलियम व एस्सार ग्रुप को अवार्ड की गई थी। उसके ही साथ एन0ई0एल0पी0 के राउंड के अवार्ड किये गये। सारे ब्लॉक्स से उत्पादन शुरू हो गया है। परन्तु, पिछले 10 वर्षों से दो बार क्लीयरेंस देने के बाद भी आज तक सरकार ने रत्ना-आर-सीरीज के तेल क्षेत्र में उत्पादन शुरू नहीं किया है। इसके कारण all cess and royality के आधार पर सरकार अरबों का घाटा उठा चुकी है तथा import Bill में करोड़ों Dollar बर्बाद कर चुकी है ।

अतः केन्द्र सरकार से मांग है कि इसे अतिशीघ्र शुरू किया जाये।